स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय वरिष्ठ लिपिक स्व. निरोज कुमार की द्वितीय पुण्यतिथि पर शुक्रवार को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भादवासी में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन समिति सदस्य संदीप भादवासी, मोना कुमारी एवं योगेश भादवासी ने बताया कि रक्तदान शिविर का शुभारंभ मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ अशोक महरिया, उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ निर्मल सिंह, जिला आर सी एच अधिकारी डॉ विशाल भड़िया, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर डॉ दिनेश पारीक, भादवासी सरपंच प्रतिनिधि सतीश फगेड़िया, ब्लड सेंचुरियन एवं मोटीवेटर बी एल मील, लैब अधीक्षक सत्येंद्र कुड़ी, कांग्रेस एससी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष अनिल तिरदिया, मोना कुमारी ने नीरोज कुमार के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित कर किया। रक्तदान शिविर में महिलाओं एवं युवाओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं रक्तदान किया। अतिथियों ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा भेंट कर रक्तदाताओं का सम्मान किया। इस अवसर पर जिला अस्पताल लक्ष्मणगढ़ डॉ अटल भास्कर, बीसीएमओ अजीत शर्मा, लेखाधिकारी राजीव महला, पीसीपीएनडीटी कोऑर्डिनेटर नंदलाल पूनिया, डीपीएम प्रकाश गहलोत, डॉ राजेश भास्कर, डॉ हरलाल फगेड़िया, डॉ इंदिरा, बुरड़क, महरौली इंचार्ज डॉ विकास मील ,उमेश शर्मा, दिनेश फगेड़िया, सीए अरुण भास्कर,एड विजय चाहिल, एड घनश्याम वर्मा , रोशन वर्मा, डीएसएफआई जिलाध्यक्ष अरविंद वर्मा, डीएसएफआई प्रभारी कृष्ण कटराथल, अरविंद महरिया, डीएसएफआई उपाध्यक्ष विक्की खिरोड़, सुनील रेसर, नंदलाल महरिया, भोला राम कुमावत, सोनू रॉयल, चामुंडा सेना पूर्व जिलाध्यक्ष, रवि सिंह लाड़खानी, रामलाल सेवा, मुकेश, प्रशांत फगेड़िया संदीप बिकुनिया, दीपक, अनिल, कुलदीप, मनीष एवं समस्त इन्दलिया परिवार सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित थे।

राजस्थान शिक्षक संघ सीकर की बैठक संपन्न

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। राजस्थान शिक्षक संघ सीकर की जिला स्तरीय बैठक जिला कार्यालय सीकर में आयोजित की गई। बैठक में संगठन की वर्तमान गतिविधियों की समीक्षा करते हुए आगामी कार्य योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष हमीर सिंह ने की, जबकि संचालन जिला मंत्री कल्याण सिंह द्वारा किया गया। सदस्यता अभियान को लेकर रणनीति बनाई गई तथा सभी उपशाखाओं को सदस्यता पंजिकाएं वितरित की गईं। हमीर सिंह ने संकुल स्तर पर सक्रिय सदस्यता अभियान चलाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि नियमित बैठकें संगठनात्मक समन्वय को सुदृढ़ करती हैं। जिला महिला मंत्री नीतू शर्मा ने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देने और संगठन को मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में प्रदेश, संभाग एवं जिला स्तर के पदाधिकारी, उपशाखा अध्यक्ष, मंत्रीगण तथा अन्य शिक्षक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने शिक्षक हितों की रक्षा और संगठन की मजबूती के लिए प्रतिबद्धता जताई। बैठक में लिए गए निर्णयों के क्रियान्वयन से संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्राप्त होगी। बैठक का समापन एकता और समर्पण की भावना के साथ हुआ।

निस्वार्थ फाउंडेशन ने श्री ओम बन्ना शिक्षण संस्थान में भेंट की राशि

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। सामाजिक कार्यों में अग्रणीय और तेजी से उभरती हुई संस्था निस्वार्थ फाउंडेशन द्वारा गरीब परिवार के बच्चों के लिए संचालित संस्था श्री ओम बन्ना शिक्षण संस्थान में 51000 रु की राशि भेंट की गई। संस्था एडमिन रेवंत सिंह जो की सीकर के सेवद बड़ी निवासी है उन्होंने कहा कि ये शिक्षण संस्थान सर्व समाज के बच्चों के लिए है जिस में बच्चे नि:शुल्क शिक्षा प्राप्त कर सकते है इस में मुख्य सहयोगी केप सा राठौड़ नंदू सिंह ओडिंट तेजपाल सिंह जोधा व नवीन घई दिल्ली कैलास सिंह बरसिंहपूरा रहे। ओम बन्ना टाइगर फोर्स के माधो सिंह उदट द्वारा संस्था का आभार व्यक्त किया गया। इस में महेंद्र सिंह उपस्थित रहे। संस्था एडमिन के अनुसार निस्वार्थ फाउंडेशन लगातार हर महीने जरूरमंद परिवार की मदद कर रही है।

ई-मित्र संचालकों ने की शिकायत, जाति/मूल प्रमाण पत्र बनाने वाले बाबू की कार्यशैली पर उठे सवाल

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। तहसील कार्यालय पाटन में कार्यरत जाति एवं मूल निवास प्रमाण पत्र बनाने वाले बाबू की कार्यशैली से क्षेत्र के ई-मित्र संचालक काफी परेशान हैं। शिकायत है कि संबंधित बाबू बिना ठोस कारण के आवेदन पत्रों में त्रुटियां निकालकर या तो उन्हें सेंड बैक कर देता है या फिर बिना सूचना के डिलीट कर देता है। इससे न केवल ई-मित्र संचालकों की परेशानियां बढ़ रही हैं, बल्कि आम अभ्यर्थी भी अनावश्यक रूप से तहसील और ई-मित्र केंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। गौरतलब है कि जाति एवं मूल प्रमाण पत्र की आवश्यकता

शैक्षणिक संस्थानों में प्रवेश, छात्रवृत्ति एवं नौकरी में आवेदन के दौरान अनिवार्य रूप से पड़ती है। इस प्रक्रिया में दस्तावेजों का सत्यापन पटवारी, नोटरी व ई-मित्र के माध्यम से होता है, जिसके बाद फॉर्म तहसील कार्यालय की साइट पर अपलोड होते हैं। पहला वेरिफिकेशन स्टेप पार होने के बावजूद बाबू द्वारा लगातार आपत्तियाँ लगाई जा रही हैं। ई-मित्र संचालकों ने बताया कि जब इस विषय में संबंधित बाबू से बात की जाती है, तो वह अभद्र व्यवहार करते हुए स्वयं को तहसीलदार जैसा अधिकार प्राप्त बताते हैं और शिकायत करने की बात पर उन्हें खुले तौर पर चुनौती देते हैं। इस व्यवहार से क्षेत्र में रोष व्याप्त है। इस संदर्भ में पाटन सरपंच मनोज चौधरी, नवीन टेलर, महेश यादव, कमलेश शर्मा एवं कृष्ण कुमार सैनी ने तहसीलदार सुभाष चंद्र से मुलाकात कर मामले की शिकायत की। वहीं, उपखंड अधिकारी नीमकाथाना राजवीर यादव ने भी स्थिति की गंभीरता को समझते हुए तहसीलदार को फोन कर निर्देश दिए कि अभ्यर्थियों की परेशानी को गंभीरता से लिया जाए और यदि फॉर्म में त्रुटि हो, तो उन्हें सुधार के लिए स्पष्ट निर्देश देते हुए प्रमाण पत्र जारी किए जाएं।

तहसीलदार सुभाष चंद्र ने मामले को संज्ञान में लेते हुए बताया कि संबंधित बाबू को तीन दिन का समय दिया गया है। यदि वह अपनी कार्यशैली में सुधार नहीं लाता, तो उसे नोटिस जारी कर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

रींगस उपखंड को पंचायत समिति बनाने की मांग, कांग्रेस, माकपा सहित इंडिया गठबंधन दलों ने किया प्रदर्शन

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। अशोक गहलोत सरकार में बने रींगस उपखंड को अब पंचायत समिति बनाने की मांग हर तरफ से उठने लगी है, विपक्ष पंचायत समिति बनाने की मांग को लेकर सरकार से दो-दो हाथ भी करने को तैयार है और विपक्ष को इस समय तब और भी बड़ा मौका मिल गया जब कल 19 अप्रैल को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा रिंगस सीकर के दौरे पर रहेंगे।

ऐसे में इंडिया गठबंधन धर्म के नेताओं ने साफ कह दिया है कि मुख्यमंत्री से मिलने का हमें समय दिया जाए हमारा ज्ञापन स्वीकार करें अन्यथा हम मुख्यमंत्री के दौरे का विरोध करेंगे इसी मांग को लेकर आज उपखंड अधिकारी को तहसील कार्यालय में इंडिया गठबंधन में नेताओं ने एवं कार्यकर्ताओं ने ज्ञापन दिया और कल मुख्यमंत्री से मिलने का समय मांगा और ज्ञापन देने की बात रखी मांग नहीं माने जाने पर मुख्यमंत्री काले झंडे दिखाने और विरोध करने का भी निर्णय लिया गया है रैली के रूप में पहुंचे इंडिया गठबंधन के दलों में काफी लोग पहुंचे थे, जिनमें भाजपा सरकार में रहे पूर्व चिकित्सा राज्य मंत्री बंशीधर बाजिया, कामरेड सुभाष नेहरा, रींगस ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्ष व पंचायत समिति बनाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह लांपुआं, कामरेड सीताराम पांवड़ा ने साफ़ कहा कि यदि मांगे नहीं मानी गई तो प्रदर्शन और आंदोलन तेज किया जाएगा जिसके संपूर्ण जिम्मेदारी सरकार और प्रशासन की होगी। गठबंधन के नेताओं ने कहा यदि पंचायत समिति बनाने की मांग को स्वीकार नहीं किया जाता है और मुख्यमंत्री हमारी बात को नहीं सुनेंगे तो कल उनके रींगस दौरे को लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का भी विरोध किया जाएगा। वक्ताओं ने कहा अगर पुलिस प्रशासन गोलियां भी बरसायेगा तो खाएंगे लेकिन मुख्यमंत्री के दौरे का विरोध करके रहेंगे।

मोदी विश्वविद्यालय का प्रेस कॉफ्रेंस संवाद कार्यक्रम आयोजित

मॉर्निंग न्यूज @ लक्ष्मणगढ़। मोदी विश्वविद्यालय द्वारा 17 अप्रैल को जयपुर के पिंक सिटी प्रेस क्लब में दोपहर 1 बजे से प्रेस कांफ्रेंस संवाद का आयोजन किया गया। इसमें जयपुर के मुख्य इलेक्ट्रोनिक और प्रिन्ट मीडिया के प्रत्रकारों से विश्वविद्यालय ने शुरू होने वाले नये सत्र से संबधित महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। गौरतलब है कि विश्वविद्यालय का 265 एकड़ का विशाल कैम्पस शिक्षा द्वारा नारी सशक्तिकरण के अभियान को सतत् आगे बढ़ा रहा है। राजस्थान सहित देशभर कि छात्राओं के लिए मोदी विश्वविद्यालय ने इस साल भी कुछ खास छात्रवृति की घोषणा की। इसके साथ ही शिक्षा के नये परिदृश्य और मोदी विश्वविद्यालय के वर्तमान परिपेक्ष्य को लेकर भी मिडिया से रूबरू हुए। प्रेस वार्ता में मोदी विश्वविद्यालय के डीजीएम एडमिशन प्रबीण झा, डिप्टी डीन, ऑफिस ऑफ इंटरनेशनल रिलेशन हितेश जांगिड़ के साथ जन सर्म्पक अधिकारी राजीव सिंह मौजूद थे। मोदी विश्वविद्यालय में स्कूल ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइसेंस, स्कूल ऑफ इंजिनयरिंग, स्कूल ऑफ लॉ, स्कूल ऑफ डिजाइन एवं स्कूल ऑफ बिजनेस में

विभिन्न स्नातक एवं स्नातकोत्तर के साथ पीएचडी के भी कोर्स कराये जाते हैं। विश्वविद्यालय में कई स्किल बेस्ड कोर्सेस मसलन डेटा साइंस, मशीन लर्निंग, फॉरेनसिक साइंस, फूड एंड न्यूट्रीशन, फिजयोथेरेपी, जर्नलिज्म एंड मास कम्यूनिकेशन, बॉयोमेडिकल एवं न्यूक्लियर साइंस एंड टेक्नोलॉजी जैसे कोर्स है जो कि पूर्णत: कौशल आधारित है और छात्राओं को बेहतर भविष्य की ओर ले जाते हैं। फार्मेसी के क्षेत्र में रोजगार के बढ़ते अवसर को देखते हुए विश्वविद्यालय ने डी फार्मा एवं बी फार्मा कोर्स की भी शुरूआत की है ताकि छात्राओं को बेहतर अवसर प्राप्त हो सके। सभी वर्गों को शिक्षा का समान अवसर मुहैया कराने के उदेश्य से विश्वविद्यालय ने ऑनलाईन माध्यम की भी शुरूआत की है जिसके अर्न्तगत बीए, बीकॉम, एमकॉम के साथ ही एमबीए और एमसीए जैसे विभिन्न कसेस करवाए जाएगें। इस माध्यम में छात्राओं के साथ छात्र भी दाखिला ले सकते हैं।

मोदी विद्यालय एक ऐतिहासिक फैसला लेते हुए स्थानिय अभिभावकों के विशेष अनुरोध पर कक्षा पहली से लेकर बारहवीं तक डे स्कूल का भी शुरूआत करने जा रहा है। डीजीएम एडमिशन प्रबीण झा ने बताया कि वर्तमान सत्र से मोदी विद्यालय में ये व्यवस्था शुरू की जा रही है ताकि स्थानिय छात्राओं को भी बेहतर शिक्षा की सुविधाएं प्राप्त हो सके।

प्रत्येक वर्ष की तरह मोदी विश्वविद्यालय ने इस वर्ष भी छात्राओं के लिए विशेष छात्रवृति की घोषणा की। जिसके तहत राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगी परीक्षाओं के टॉपर को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृति प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही बारहवीं के परिणाम के आधार पर भी 50 प्रतिशत तक की छात्रवृति का प्रावधान है जबकि राजस्थान एवं केन्द्रीय बोर्ड के टॉप तीन को 100 प्रतिशत तक की छात्रवृति मुहैया करायी जाएगी। विश्वविद्यालय ने उच्च शिक्षा को बढ़ावा देने हेतू मोदी विश्वविद्यालय की छात्राओं को अतिरिक्त 10 प्रतिशत तक की छात्रवृति दी जाएगी। जबकि सीकर, चुरू, झुनझुनू की छात्राओ को पूरे कोर्स के दौरान 10 प्रतिशत की छात्रवृति दी जाएगी। सरकारी निमयों के अनुसार अनुसूचित जाति एवं जनजाति, अर्थिक रूप से पिछड़े वर्ग के साथ दिव्यांगो को पूरे कोर्स के दौरान 10 प्रतिशत की छात्रवृति मिलेगी।

हनुमान गदा रथ यात्रा का कुचामन में किया स्वागत

मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी। अष्टधातु से निर्मित 21 फीट लम्बी और 108 किलो वजनी हनुमान गदा रथ यात्रा शुक्रवार को कुचामनसिटी पहुचा, जंहा रथ यात्रा का भक्तों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया। इस दौरान हनुमान गदा का पूजन भी किया गया। जानकारी के अनुसार कंचन सेवा संस्थान उदयपुर की 84 फीट ऊंची एकादश मुखी हनुमान प्रतिमा स्थापना के लिए - हनुमान गदा यात्रा भारत भ्रमण के तहत कुचामन के डूँगरी वाले बालाजी मन्दिर पंहुची। उल्लेखनीय है

कि यह यात्रा 19 महीने से भ्रमण कर रही है। यात्रा सबसे पहले प्रात: 9 बजे शहर के डीडवाना रोड़ स्थित डूँगरी वाले बालाजी मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद सिद्धेश्वर बालाजी का मंदिर, रघुनाथ जी का मंदिर, चारभुजा मंदिर, गोपाल जी का मंदिर होते हुए गायत्री माता मंदिर सहित नगर के अनेक मंदिरों में पहुंची, जहां पर भक्तों द्वारा गदा का पूजन करके प्रसाद वितरित किया गया। हर्ष महर्षि ने बताया कि करीब 2 साल बाद यात्रा वापस उदयपुर पहुंचेगी, जहां निर्माणाधीन हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दौरान इस 21 फीट की गदा को भी 84 फीट के 11 मुखी हनुमान जी की मूर्ति के साथ स्थापित किया जाएगा।

परिसीमन को लेकर विभिन्न जगह जताया विरोध

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। नगरपालिका के 35 वार्डों के लिए हुए वर्ष 2011 की जनसंख्या के अनुसार परिसीमन के खिलाफ आज गुरूवार को नगरपालिका के एक दर्जन पार्षदों सहित अनेक जनप्रतिनिधियों ने उपखंड कार्यालय में परिसीमन को लेकर आपत्तियां दर्ज करवाई, जिसमें लगभग दस बिंदुओं के आधार पर उपखंड अधिकारी के नाम आपत्तियां आज उनके कार्यालय में दी गई। इस अवसर पर कांग्रेस के पार्षद हरदयाल बलौदा ने कहा की नगर पालिका अध्यक्ष की हठधर्मिता के चलते पूरे वार्डों को मनमाने तरीके से परिसीमन किया गया है जिसमें सरकार के नियमों तक की धज्जियां उड़ाई गई है। पार्षद सुमंत पारीक ने कहा कि नगरपालिका के बोर्ड मेंबरों की बिना सहमति के और जानकारी उपलब्ध करवाए बिना ही परिसीमन कर दिया गया जो गलत है। पार्षद राकेश भादूपोता ने कहा की यह नगरपालिका अध्यक्ष हरिशंकर निठारवाल की केवल हठधर्मिता व जिद्द के चलते सरकार के नियमों को ताक में रखकर परिसीमन किया गया है जिसकी जानकारी विधायक महोदय को भी नहीं दी गई। पार्षद अखिलेश भातरा ने कहा की यह नगरपालिका अध्यक्ष की मनमानी है, हमने लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जताते हुए सभी ने आपत्तियां दर्ज कराई है। इस अवसर पर पार्षद अमित कुमावत, मोतीराम जांगिड़, श्रवण सैन, बाबूलाल राजौरिया, विक्रम झाला, सुरज्ञान धाबाई सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

कांग्रेसियों ने फूंका प्रधानमंत्री मोदी का पुतला, किया प्रदर्शन

मॉर्निंग न्यूज @ कुचामनसिटी। नगर कांग्रेस कमेटी एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कुचामन एवं नावां के संयुक्त तत्वाधान में केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ स्थानीय बीएसएनएल कार्यालय के सामने जमकर धरना प्रदर्शन एवं नारेबाजी की गई तथा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला भी जलाया गया। नगर अध्यक्ष सुतेन्द्र सारस्वत ने बताया कि जैसा कि कुछ दिनों से कांग्रेस के केंद्रीय नेता राहुल गांधी एवं सोनिया गांधी के खिलाफ केंद्रीय जांच एजेंसियों द्वारा प्रताड़ित किया जा रहा है जो कि सरासर अनुचित है,केंद्र सरकार का यह रवैया तानाशाही पूर्ण है। सिर्फ कांग्रेस ही नहीं बल्कि पूरे विपक्ष के नेताओं के खिलाफ इन जांच एजेंसी का जमकर दुरुपयोग

किया जा रहा है तथा अनैतिक दबाव बनाया जा रहा है। उसके खिलाफ आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आदेश अनुसार व पूर्व उपमुख्य सचेतक महेंद्र चौधरी जी के निर्देशानुसार यह धरना प्रदर्शन किया गया एवं केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की तथा प्रधानमंत्री का पुतला जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए नावां विधानसभा के प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने कार्यकर्ताओं को कहा कि सरकार की यह इस दमनकारी नीतियों का हम समस्त कार्य करता संसद से सड़क तक जमकर विरोध करेंगे तथा केंद्र सरकार की तानाशाही का मुंहतोड़ जवाब देंगे। ब्लॉक अध्यक्ष भंवर अली खान ने कहा कि केंद्र की तानाशाही नीतियों का जमकर विरोध किया जाएगा तथा कांग्रेस के कार्यकर्ता ऐसी नीतियों से डरने वाले नहीं है तथा इनका डटकर मुकाबला करेंगे। केंद्र सरकार की नीतियां में बदले की भावना नजर आती है। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष भंवर अली खान, नावानगर अध्यक्ष एवं ब्लॉक अध्यक्ष उदय सिंह खरिया, जिला उपाध्यक्ष माधव प्रसाद धूत, शेरखान, नगर परिषद कुचामन के उपसभापति हेमराज चावला, क्रय विक्रय सहकारी समिति के अध्यक्ष ईश्वर राम सोहू, महिला कांग्रेस महासचिव मृदुला कोठारी, वरिष्ठ कांग्रेसी एवं विश्व जाट महासभा के अध्यक्ष परसराम बुगालिया, दुर्गाराम चौधरी, मुन्ना राम महला फौजी, कमलकांत, शौकत खान नावां, सतीश परेवा, अशोक सैनी,पोकर राम,कानाराम कूमावत पूर्व सरपंच खारिया, राम कुमावत, रामनिवास आदि मौजूद रहे।

केसरिया कंवर मंदिर में ठंडे पानी के लिए लगाया वाटर कूलर

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। भीषण गर्मी में आम राहगीरों और श्रमिकों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से लोक सेवा ज्ञान मंदिर ट्रस्ट लक्ष्मणगढ़ की प्रेरणा से लक्ष्मणगढ़ निवासी और कोलकाता प्रवासी भामाशाह श्री सत्यनारायण बियाणी द्वारा एक सराहनीय पहल की गई है। उन्होंने अपने पिता स्व. बजरंगलाल बियाणी एवं चाचा स्व. भूधरमल बियाणी की पुण्य स्मृति में केसरिया कंवर मंदिर परिसर में एक ठंडे पानी का वाटर कूलर स्थापित करवाया है। इस सेवा कार्य का संचालन एवं रखरखाव ट्रस्ट के प्रभारी राजेन्द्र कुमार शर्मा, विष्णु मुरारका एवं समिति द्वारा किया जाएगा। भीषण लू और तपिश से त्रस्त राहगीरों के लिए यह वाटर कूलर एक अमूल्य तोहफा साबित होगा, जिससे उन्हें गर्मी में शीतल जल की उपलब्धता सुनिश्चित हो सकेगी। ट्रस्ट एवं समिति ने भामाशाह सत्यनारायण बियाणी का आभार व्यक्त करते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सतत जनसेवा की कामना की।

ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ की मौत

मॉर्निंग न्यूज @ रींगस। रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई जिसके शव को जीआरपी पुलिस द्वारा रींगस उप जिला अस्पताल के मुर्दाघर में रखवाया गया। जीआरपी चौकी प्रभारी एएसआई मुकेश सैनी ने बताया कि ट्रेन की चपेट में आने से करीब 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई जिसके शव को शिनाख्त के लिए मोर्चरी में रखवाया गया है वारिसान के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। मृतक के पास मिली डायरी में लिखे संपर्क सूत्रों से संपर्क किया गया तो जानकारी मिली कि मृतक अशोक कुमार फूलमाली जयपुर में झूग्गी झोपड़ियों में रहता था और कचरा बीनकर जीवन यापन करता था।

मुख्यमंत्री के सीकर आगमन पर जाट समाज सौंपेगा ज्ञापन

मॉर्निंग न्यूज @ सीकर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कल 19 अप्रैल को सीकर आगमन पर विभिन्न मांगों को लेकर जाट समाज की ओर से ज्ञापन दिया जाएगा।

जाट समाज कार्यालय चौधरी चरण सिंह सर्किल पर समाज की शुक्रवार को मीटिंग आयोजित हुई। इस अवसर पर जाट समाज के संरक्षक नरेंद्र धायल वीर तेजाजी सेवा संस्थान के अध्यक्ष सांवरमल मुवाल चौधरी चरण सिंह ग्रामीण विकास संस्थान के अध्यक्ष पूरणमल सुंडा छाजू राम मंगावा अभिनव जाखड़ मोहित बगड़िया सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।